तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीदों को किया नमन

14 कुरूद सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया ...

Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

कालसर्प दोष शांति पूजन 19 अगस्त को

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद के तत्वावधान में अनुसार इस वर्ष भी रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री में 19 अगस्त को कालसर्प दोष शांति पूजन अनुष्ठान किया जायेगा। परिषद अध्यक्ष के अध्यक्ष पंडित बालेन्द पाण्डेय ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नागों की विशेष पूजा से दोष से मुक्ति पाई जा सकती है। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक में शीघ्र पंजीयन करा सकते हैं। पूजा सुबह 9:30 बजे प्रारंभ होगी।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 22 को

धमतरी। महावीर इंटरनेशनल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 22 अगस्त को नवीन स्थानक भवन में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है। अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्डी रोग, तंत्रिका रोग और हृदय रोग के मरीजों की नि: शुल्क जांच कर परामर्श दिया जाएगा। राजेश प्रजापति ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल ओस्तवाल, न्यूरो सर्जन डॉ अमित जैन, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ अभिषेक त्रिपाठी और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ शिखा बुधवानी सेवाएं देंगी। तैयारी में अशोक पारख, दिलीप बड़जात्या, धीरेंद्र नाहर, विनोद चौरडिया जुटे हैं।

डिवाइडर की लाइट खराब, बढ़ी परेशानी

धमतरी। शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे मार्ग के डिवाइडर के बीच लगी लाइट के खराब होने से रात में सड़क पर अंधेरा छा रहा है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह लोगों को वाहनों की हेडलाइट के सहारे आवागमन करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण सड़क पर दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। शहरवासियों ने नगर निगम से डिवाइडर की खराब लाइट को जल्द सुधारने और बंद पड़ी लाइट को चालू कराने की मांग की है।

चांदनी और पूजा का प्रयास में चयन

कुकरेल(धमतरी)। प्राथमिक शाला देवगांव की चांदनी कंवर और पूजा नागवंशी का कक्षा 9 वीं में प्रयास विद्यालय दुर्ग के लिए चयन हुआ है। शाला के प्रधानपाठक राजेश कुमार साहू, शिक्षिका शीला उइके, उपसरपंच शत्रुघन नेताम, उकेश ध्रुव ईश्वर, रोशन, बीरसिंह, मोहित केशव, नागेश्वर समेत ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

बकाया बिल पर ऑनलाइन कट रहे बिजली कनेक्शन, 140 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बिजली बिल का समय पर भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत वितरण कंपनी ने सख्ती बढ़ा दी है। स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद अब बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटने की प्रक्रिया भी ऑनलाइन हो गई है। धमतरी संभाग में रायपुर स्थित कार्यालय से सिस्टम के माध्यम से बिजली सप्लाई बंद की जा रही है। इस कार्रवाई से बकायादार उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दिसंबर 2025 से विशेष वसूली अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जुलाई माह में धमतरी संभाग के 30 बकायादारों की सूची ऑनलाइन कार्रवाई के लिए रायपुर भेजी गई थी। इन उपभोक्ताओं पर करीब 18 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया था।

सूची के आधार पर कार्रवाई करते हुए अब तक 140 उपभोक्ताओं के कनेक्शन ऑनलाइन बंद किए जा चुके हैं। कार्रवाई शुरू होने के बाद कई उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा कर राहत ली। अब तक 94 बकायादारों ने करीब 12.5 लाख रुपए का भुगतान किया है। शेष बकायादारों से भी वसूली की प्रक्रिया जारी है।

रायपुर से सिस्टम के जरिए बंद हो रही बिजली सप्लाई

तीन दिन चेतावनी, चौथे दिन कट जाता है कनेक्शन

विभाग ने बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के लिए चरणबद्ध व्यवस्था लागू की है। जिन उपभोक्ताओं का बिल दो महीने से अधिक समय तक बकाया रहता है, उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर लगातार तीन दिन तक भुगतान की सूचना और चेतावनी भेजी जाती है। इसके बाद भी यदि उपभोक्ता राशि जमा नहीं करता है तो चौथे दिन सिस्टम के माध्यम से बिजली कनेक्शन ऑनलाइन बंद कर दिया जाता है। बकाया राशि का भुगतान होने के बाद नियमानुसार कनेक्शन दोबारा बहाल किया जाता है।

1.28 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य

धमतरी संभाग में स्मार्ट मीटर लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। घरेलू, कृषि और अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए कुल 1,28,000 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से करीब 98,000 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। शेष उपभोक्ताओं के यहां चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा रहे हैं।

धमतरी में हर्षोल्लास और गरिमामय ढंग से मना स्वतंत्रता दिवस, 12 टुकड़ियों ने दी परेड की सलामी

विधायक अजय ने किया ध्वजारोहण शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और उत्साह के वातावरण में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय ढंग से मनाया गया। एकलव्य खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ और तीन रंगों के गुब्बारों को शांति एवं स्वतंत्रता के प्रतीक स्वरूप आकाश में छोड़ा गया।

मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने परेड का निरीक्षण किया तथा विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत शानदार मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

जिला मुख्य समारोह में 12

टोलियों ने हिस्सा लिया जिसमें 4 टोली शस्त्र सहित और 8 टोली स्कूली एनसीसी, एनएसएस की टुकड़ी शामिल थी। परेड के चीफ कमाण्डर विपुल आनंद जांगड़े और परेड कमांडर सूबेदार टोपेश्वर सिंह के नेतृत्व में मार्चपास्ट किया गया। मार्चपास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने ▶▶ शेष पेज 12 पर

विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह और उमंग का संचार किया तथा दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

घुड़सवारी के रोमांचक प्रदर्शन ने जीता दर्शकों का दिल

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में पारंपरिक परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ घुड़सवारी के हैरतअंगेज करतब विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ब्रिगो हेक्टर कंपनी द्वारा प्रशिक्षित घोड़ों और कुशल घुड़सवारों के समन्वय से रोमांचक हॉर्स राइडिंग प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। संस्था की संचालक गीता दहिया के नेतृत्व में घुड़सवारों ने टैड पैकिंग, बकेट पैकिंग, ग्रुप टैड पैकिंग, इंडियन फाइल, जंपिंग तथा इंडियन फ्लैग सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। घोड़ों की तेज गति, संतुलन और घुड़सवारों की दक्षता से भरे इन करतबों ने दर्शकों में रोमांच पैदा कर दिया। भारतीय ध्वज के साथ प्रस्तुत घुड़सवारी ने देशभक्ति के वातावरण को और भावपूर्ण बना दिया।

आजादी के उत्सव से पहले अवैध शराब पर धुआंधार कार्रवाई

- सिटी कोतवाली, अर्जुनी और कुरूद पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 3 शराब कोचियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ड्राई डे से पहले पुलिस ने अवैध शराब पर नकेल कसी। अवैध शराब के तीन मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास अवैध शराब सहित स्कूटी जब्त की गई है। जब्त सम्पत्ति की कीमत 50 हजार से अधिक है।

स्वतंत्रता दिवस पर शराब दुकानों को बंद रखा गया था। शराब दुकान बंद होने का फायदा उठाने के लिए शराब के अवैध कारोबारी सक्रिय हो गए थे। शराब दुकान बंद होने के कारण वे अधिक दाम में शराब बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने इन अवैध कारोबारियों को ड्राई डे से एक दिन पहले ही धरदबोचा। धमतरी पुलिस ने थाना कोतवाली, अर्जुनी एवं कुरूद क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। पहला मामला थाना कोतवाली क्षेत्र का है। पुलिस ने शांतिघाट नहर

नाका के पास आरोपी गोविंद यादव पिता गणेश राम उम्र 39 वर्ष निवासी बनियातालाब धमतरी को अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 20 नग देशी प्लेन शराब, 15 नग मसाला शराब एवं 1 स्कूटी बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत 3,100 एवं स्कूटी की कीमत 50,000 सहित कुल संपत्ति 53,100 रूपए जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दूसरे मामले में थाना अर्जुनी पुलिस ने कोलियारी में आरोपी खुमान निषाद पिता स्व. फेहरूराम उम्र 70 वर्ष निवासी कोलियारी को ▶▶ शेष पेज 12 पर

पुत्र के हत्यारे पिता को मिला आजीवन कारावास

धमतरी। दुगली क्षेत्र के ग्राम आमदी में हुई नृशंस हत्या के मामले में कोर्ट ने पिता को दोषी करार दिया। अपने ही मासूम पुत्र की हत्या करने पर कोर्ट ने पिता को आजीवन कारावास से दंडित किया है।

मामला दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी का है। संजय मरकाम उम्र 34 साल अपनी पत्नी दिलको बाई और बेटा- बेटी के साथ रहता था। 18-19 मई की दरम्यानी रात सभी खाना खाकर सो गए। रात में संजय ने अपने बेटे शौर्य को दूसरे कमरे में सुलाने के बहाने ले गया था। सुबह करीब चार बजे उसकी पत्नी ने शौर्य को खून से लथपथ देखा। पास में खून से सना हुआ टंगिया पड़ा था। तत्काल उसने अपने देवर की मदद से 108 संजीवनी से शौर्य को नरहरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में पिता संजय मरकाम को दोषी पाया। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश नमिता मिंज भास्कर ने संजय को दोषी करार दिया। उसे धारा 103(1) बीएनएस के तहत आजीवन कारावास और 2000 रुपए अर्थदंड दिया। अर्थदंड नहीं चुकाने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

बारिश से हरी सब्जियों के दाम गिरे, ग्राहकी रही कमजोर

- भटा, भिंडी, टमाटर, कद्दू 20, बरबट्टी, कुंदरू, करेला 30, ग्वारफली, गोभी 40 रूपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार को सुबह से शाम तक रिमझिम बारिश और खराब मौसम का असर शहर के सब्जी बाजार पर देखने को मिला। बाजार में ग्राहकी कमजोर रहने और आसपास के गांवों से स्थानीय हरी सब्जियों की आवक अधिक होने के कारण अधिकांश सब्जियों के दाम पिछले सप्ताह की तुलना में 10 से 20 रुपए किलो तक कम हो गए।

सब्जी विक्रेता एवं उत्पादक किसान केशव पटेल ने बताया कि शहर के आसपास के गांवों की स्थानीय बाड़ियों से बड़ी मात्रा में हरी सब्जियां बाजार में पहुंच रही हैं। रविवार को सुबह ▶▶ शेष पेज 12 पर

किराना सामान के भाव

किराना बाजार में आलू 20 रुपए किलो, प्याज 40 रुपए, शक्कर 55 रुपए, गुड़ 60 रुपए, खड़ी हल्दी 250 रुपए, खड़ी मिर्च 250 रुपए, धनिया खड़ा 200 रुपए, जीरा 300 रुपए, काली मिर्च 900 रुपए, लहसुन 200 रुपए, रिफाइंड तेल 130 रुपए, सरसों 90 रुपए और मेथी 85 रुपए किलो रही। अरहर दाल बेस्ट क्वालिटी 120 रुपए, मूंग दाल 110 रुपए, मसूर दाल 90 रुपए, काबुली चना 120 रुपए, चना 75 रुपए, हरा मटर 100 रुपए, सफेद मटर 60 रुपए, चना दाल 85 रुपए, पोहा 50 रुपए, खड़ा मसूर 75 रुपए और उड़द दाल 120 रुपए किलो बिकी। अंडा इस सप्ताह 80 रुपए दर्जन रहा।

प्रवेश द्वार का पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार को लेकर कलेक्टर के समक्ष रखीं कई मांगें

मेचका में पर्यटन विकास को नई उड़ान, 15 दिन में शुरू होगा नौका विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विकासखंड नगरी के ग्राम मेचका में पर्यटन विकास को नई दिशा देने की पहल शुरू हो गई है। प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और जलाशय की खूबसूरती से समृद्ध मेचका क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में पर्यटन केंद्र के प्रवेश द्वार का पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुचकुन्द ऋषि सहकारी पर्यटन समिति मर्यादित मेचका के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र में पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों को लेकर कलेक्टर के समक्ष मांगें रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि मेचका का मुचकुन्द ऋषि पहाड़, धार्मिक स्थल, ईको पार्क एवं सोंदूर जलाशय पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। यदि इन स्थानों पर आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाए तो यहां दूर-दराज से पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। स्थानीय लोगों को

रोजगार के अवसर मिलने के साथ ही गांव की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

रोजगार से जुड़ेंगे ग्रामीण

कलेक्टर ने कहा कि गांव के विकास के साथ ग्रामीणों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से स्थानीय स्तर पर गाइड, नौका संचालन, खान-पान, हस्तशिल्प, छोटे व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ग्रामीणों को पर्यटन समिति से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। इससे पर्यटन का लाभ सीधे गांव के लोगों तक पहुंच सकेगा।

नौका विहार फिर शुरू होने से बढ़ेगा आकर्षण

ग्रामीणों ने सोंदूर बांध में नौका विहार की सुविधा पुनः शुरू करने की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने जल्द ही नौका विहार प्रारंभ कराने की बात कही। उन्होंने लगभग 15 दिनों के भीतर नौका विहार शुरू करने की बात कही। नौका विहार शुरू होने से मेचका को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

इन विकास कार्यों की रखी गई मांग

पर्यटन समिति एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष मुख्य मार्ग से मुचकुन्द पहाड़ तक लगभग 400 मीटर सीसी रोड निर्माण, पहाड़ के नीचे पर्यटन भवन निर्माण, मुचकुन्द ऋषि आश्रम में सोलर लाइट की व्यवस्था, पहाड़ पर गार्डनिंग एवं पेयजल सुविधा, शौचालय निर्माण तथा विश्राम स्थल बनाने की मांग रखी। इसके अलावा दुर्गा मंदिर से मुचकुन्द ऋषि तक पहुंचने के लिए सीढ़ी एवं सीसी रोड, यात्री प्रतीक्षालय, ईको पार्क में सामुदायिक शौचालय, श्री मुचकुन्देश्वर महादेव स्थल पर टिन शेड, ईको पार्क में गार्डनिंग एवं पेयजल की व्यवस्था तथा सोंदूर जलाशय में नौका विहार शुरू करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। ग्रामीणों ने पुलिस कैंप से सोंदूर डेम तक पक्की सड़क निर्माण एवं मार्ग किनारे फलदार पौधों के रोपण तथा पांच गेट के पास हैंडपंप की व्यवस्था की मांग भी रखी। समिति का कहना है कि इन सुविधाओं के विकसित होने से मेचका में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की प्राकृतिक एवं धार्मिक विरासत को नई पहचान मिलेगी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीदों को किया नमन

- पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के निवास पर फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के निवास पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. ध्रुव ने तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यकर्ताओं ने शहीदों के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके त्याग और बलिदान को याद किया। इस दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों के योगदान को स्मरण किया गया।

पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि आज हमारा देश जिन वीर शहीदों के बलिदान की बदौलत स्वतंत्र हुआ है, उनके त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज देशवासी जिस स्वतंत्र वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, वह वीर शहीदों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, जिसके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में जीवन जी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त पूरे देशवासियों के लिए खुशी और गौरव का पर्व है। यह दिन हमें देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीर सपूतों के योगदान की याद दिलाता है।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के संकल्प को दोहराया। कार्यकर्ताओं ने वीर शहीदों के आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही।

इस अवसर पर लखन लाल ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष अनवर रजा, रामभरोसा साहू, मिलेश्वर साहू, रवि ठाकुर, रिजवान मेमन, भरत निर्मलकर, किशन गजेन्द्र, सलमान रजा, भूषण साहू, पिंकी यदु, अनुसुइया साहू, तामेश्वरी मरकाम, शकुंतला ठाकुर, नरेश छदैहा, राजू गोसाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हाईस्कूल में अहाता के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सरगी के हाईस्कूल में अहाता निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

मौके पर सरपंच हरिविनायक सिन्हा, उपसरपंच हेमंत दीवान एवं पंचगण खेमधर साहू, ईश्वर निषाद, बीसो बाई, फुलेश्वरी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष भेखू साहू,गोरे साहू, दुलेश्वर ध्रुव, पन्ना साहू, संतु ध्रुव, शिक्षक ए. कंवर, एमके अडिल, कुलेश्वर कंवर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी राजा साहू ने दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

विधायक अजय ने किया ध्वजारोहण, शहीदों के ...

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहीदों के परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका सम्मान किया। उन्होंने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर राष्ट्र की स्वतंत्रता और देश की रक्षा में उनके अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह में विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सर्वा, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आजादी के उत्सव से पहले अवैध शराब पर...

अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 20 नग देशी मसाला शराब कीमत 2,000, तथा बिक्री रकम 200 बरामद की गई। कुरूद पुलिस ने 15 अगस्त को नया बस स्टैंड शीतला मंदिर के पास आरोपी रामचंद्र ध्रुवंशी पिता मुन्ना ध्रुवंशी उम्र 28 वर्ष निवासी संजय नगर कुरूद को अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 12 पौवा देशी शराब कीमत 960 रुपए एवं बिक्री रकम 300 जब्त की गई है।

बारिश से हरी सब्जियों के दाम गिरे, ग्राहकी रही...

करीब 10 बजे तक मौसम सामान्य था, लेकिन इसके बाद दिनभर बारिश होती रही। इससे बाजार में ग्राहकों की संख्या कम रही और सब्जियों के भाव में गिरावट आई। इतवारी बाजार में पसारा लगाकर सब्जी बेच रहे कृष्णा पटेल और सुमन पटेल ने बताया कि रविवार को भटा 20 रुपए किलो बिका। गाजर, कुंदरू, करेला और बरबट्टी 30 रुपए किलो रहे। भिंडी, टमाटर और कद्दू 20 रुपए किलो, ग्वारफली 40 रुपए, गोभी 40 रुपए, मुनगा 80 रुपए, हरी मिर्च 80 रुपए, केला 20 रुपए, पत्तागोभी 20 रुपए, डोड़का 30 रुपए, तोरई 40 रुपए, कोचई 50 रुपए, हरा धनिया 100 रुपए, मूली 10 रुपए, ढेंस 60 रुपए, लौकी 10 रुपए, शिमला मिर्च 40 रुपए, परवल 40 रुपए, कटहल 40 रुपए, खेक्सी 150 रुपए और सेमी 40 से 50 रुपए किलो बिकी।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ग्राम पंचायत परसापानी की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गिरधर मरकाम
उपसरपंच
श्रीमती कांतीदेवी मरकाम
सरपंच
श्रीमती रविकला
रोजगार सहायक
सुखदेव भारती
सचिव
पंचगण
श्रीमती अमरिका नाग, धनेश्वरी बघेल, लिलेश्वरी साहू, कोमल सिंह मरकाम, पुष्पा नेताम, लता बाई मरकाम, सावित्री मंडावी, गिरधर मरकाम, पूर्णिमा मरकाम, निकेश कुमार मानिकपुरी, नोहर सिंह नेताम
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत परसापानी वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

ग्राम पंचायत भीतररास की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रेमंत कुमार शांडिल्य
सरपंच
सुनील यादव
उपसरपंच
लुभान सेन
रोजगार सहायक
बिसंतीन बाई
सचिव
पंचगण
श्रीमती धनेश्वरी नेताम, श्रीमती रूखमणी शांडिल्य, श्रीमती दुकाला नेताम, श्रीमती मोनिका कोर्राम, श्री चंद्रभान देव, श्रीमती संतनी शांडिल्य, श्री मनोजकुमार शांडिल्य, श्री लकेश्वर शांडिल्य, श्रीमती रेखा कश्यप, श्री सुनीलकुमार यादव, श्री तोरण नाग, श्री राजेश्वर शांडिल्य, श्री धीरेन्द्र कुमार कश्यप, श्री देवदत्त भंडारी, मो. सलमान खान, श्रीमती हेमपुष्पा कुंभकार
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत भीतररास वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बरबांधा
बिजुराम नेताम
उपसरपंच
किर्तन कोर्राम
रोजगार सहायक
रूखमणी मरकाम
सरपंच
शंभू साक्षी
सचिव
पंचगण : श्रीमती चीनबाई नेताम, श्रीमती कनेश्वरी कोर्राम, श्रीमती राधिका मरकाम, श्रीमती कुमारीबाई कोर्राम, श्री सुरेश नेताम, श्री जगेश्वर नेताम, श्रीमती सुशीला मरकाम, श्रीमती सोहद्रा नेताम, श्रीमती सीमा यादव, श्री राजकुमार विश्वकर्मा, श्री महेश कुंजाम, श्री महेंद्र निर्मलकर, श्री झनकबिहारी साहू, श्री मोहन कोर्राम, श्रीमती टिकेश्वरी, श्री रमेश नागेश, श्री भूक्खन मरकाम, श्री घनानंद साहू
विनीत : पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बरबांधा, विखं नगरी, धमतरी छग

छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विद्या ददाति विनयम:
भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित पाठ्य क्रम
श्रीजन संकल्प सेवा शिक्षा समिति द्वारा संचालित:-
फरसियों की एकमात्र संस्कार धानी संस्था-
SHREE MAHA GURUKUL VIDYALAY
SANSKAR YA VIBHUTI
श्री महामाई गुरुकुल विद्यालय
कक्षाएं:- कक्षा-नर्सरी से 8 वीं तक फरसियाँ
-: विद्यालय की विशेषताएं :-
अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य ।
कक्षाओं में अनुशासन ।
प्रतिदिन मेडिटेशन ।
चत्रित्र संपन्न एवं आध्यात्मिक संस्कार का परिवेश ।
स्कूल की फीस न्यूनतम ।
अंग्रेजी भाषा की शिक्षण व्यवस्था पर विशेष महत्व ।
बच्चों का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन ।
आपके बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित संस्था ।
प्रति माह का अंतिम सप्ताह में पालक मीटिंग ।
प्रति माह शिक्षकों द्वारा पालक संपर्क ।
प्रति वर्ष शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाना ।
बाहर से आने वाले बच्चों के लिए वाहन की सुविधा ।
शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद एवं योगा का कार्यक्रम ।
खेलकूद के लिए खेल मैदान की व्यवस्था ।
नियमित गृहकार्य एवं पठन-पाठन ।
नवोदय परीक्षा की विशेष तैयारी ।
अपने बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए आज ही प्रवेश करायें ।
संपर्क करें:- 7697251876, 9425224275

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोसायटी घुटकेल
सुरेश कुमार निषाद
प्रबंधक
शत्रुघन नागवंशी
प्राधिकृत अधिकारी
लिलम्बर पटेल
आपरेटर
: विनीत :
घुटकेल सोसायटी
के समस्त सदस्यगण
गजेन्द्र यादव
किसन साहू
देवराज यादव
महेन्द्र वटी

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा
राधिकाबाई नेताम
सरपंच
लखनलाल मंडावी
उपसरपंच
अनीत कुमार
सचिव
विनीत : पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा, विखं नगरी, धमतरी छग

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी
लिलम्बर नागवंशी
सरपंच
महेन्द्र साहू
उपसरपंच
थानसिंग देवांगन
सचिव
लोमेश साहू
रोजगार सहायक
पंचगण : श्री मनिहार मरकाम, श्रीमती टकेश्वरी साहू, श्रीमती साधना मरकाम, श्रीमती होलिका नागेश, श्रीमती सुनीता नेताम, श्रीमती बिम्लेश्वरी नेताम, श्री पुनाराम मरकाम, श्रीमती अनीता निषाद, श्रीमती लोमीन निषाद, श्रीमती अनीता नेताम, श्री झकेश्वर मरकाम, श्री ओमप्रकाश साहू, श्री संतुराम यादव, श्रीमती मालती मरकाम, श्रीमती गीताबाई यादव, श्री मनसुक मरकाम
विनीत : पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत भूरसीडोगरी, विखं नगरी, धमतरी छग

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत जबर्रा
कौशिल्या मरकाम
सरपंच
रामकुमार एल्मा
सचिव
श्रीधन नेताम
उपसरपंच
सुनील कुमार
रोजगार सहायक
एवं समस्त सम्माननीय पंचगण ग्राम पंचायत जबर्रा
विनीत : पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत जबर्रा, विखं नगरी, धमतरी छग

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत कोगेरा
मुकेश कुमार कुंजाम
सरपंच
विनोद नेताम
उपसरपंच
सत्यभामा ध्रुव
सचिव
एवं समस्त सम्माननीय पंचगण ग्राम पंचायत कोगेरा
विनीत : पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कोगेरा, विखं नगरी, धमतरी छग

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय पर्व पर राजनीति कांग्रेस की संकुचित मानसिकता का परिचायक : मोटवानी

धमतरी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा अपने सोशल मीडिया पेज पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर पार्टी का झंडा फहराने का उल्लेख किया गया। इस संबंध में प्रसारित खबर को भ्रामक एवं तथ्यहीन बताते हुए नगर निगम लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने इसकी कड़ी निंदा की है। विजय मोटवानी ने कहा कि स्वच्छ लोकतांत्रिक परंपरा में इस प्रकार की भ्रामक एवं मिथ्या खबरों को जनता के बीच प्रसारित करना गंदी राजनीति का परिचायक है। उन्होंने संबंधित लोगों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव सकारात्मक एवं सिद्धांतपूर्ण राजनीति की पक्षधर रही है। अजय चंद्राकर विधानसभा में लंबे समय से जनता की मुखर आवाज उठाते आए हैं। उनकी आवाज को दबाने के प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में उनकी आवाज मां भारती की आरती की तरह सदैव जनता की भावनाओं को स्वर देती रहेगी। इस कृत्य का जवाब भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच देंगे।

अटल ने दी भारतीय राजनीति को नई दिशा

धमतरी। भारतरत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहा। वे एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ ओजस्वी वक्ता, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राष्ट्रनेता थे। उनके विचारों, आदर्शों और देशहित को सर्वोपरि रखने की भावना ने भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान की। अटल जी ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से करोड़ों देशवासियों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका जीवन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण, सुशासन, सेवा और एकता की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

चहक हरियाली माटी मंच ने किया पौधारोपण

मगरलोड। चहक हरियाली माटी मंच खिसोरा के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने हरियाली त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया।

हल्दवानी 'शुद्धिकरण' कृत्य को कांग्रेसियों ने संविधान और लोकतंत्र का अपमान बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में धमतरी में एक विरोध प्रदर्शन और पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह कदम उत्तराखंड के हल्दवानी में कांग्रेस की एक रैली के बाद भाजपा समर्थित संगठन द्वारा किए गए तथाकथित शुद्धिकरण अनुष्ठान के खिलाफ उठाया गया है। राजीव भवन से शुरू होकर मकई चौक तक निकाली गई इस पदयात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने केंद्र की भाजपा सरकार और विचारधारा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, गुरूमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, मदन मोहन खंडेलवाल, जिपं सदस्य कविता बाबर, आनंद पवार, अरविंद दोशी, रजत जसूजा, सूर्याराव पवार, सलीम रोकडिया, वसीम कुरैशी, नरेश जसूजा, आलोक जाधव, योगेशलाल, विक्रांत शर्मा, कृष्णा मरकाम, गोविंद साहू, नरेंद्र सोनवानी, शास्त्री सोनवानी, विशु देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी के नेतृत्व में राजीव भवन से मकई चौक तक निकली पदयात्रा

राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपमान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश

मकई चौक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने इस कृत्य को भारतीय लोकतंत्र और संविधान पर एक गहरा आघात बताया। तारिणी चंद्राकर ने कहा कि यह केवल हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपमान नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों शोषितों, वंचितों और सजग नागरिकों की गरिमा पर सीधा प्रहार है। भारत का संविधान हर नागरिक को समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय का अधिकार देता है। एक लोकतांत्रिक समाज में इस तरह की छुआछूत और भेदभावपूर्ण मानसिकता के लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा पोषित की जा रही विभाजनकारी राजनीति का सीधा परिणाम है।

नगर पालिका में ज्योति एवं जनपद पंचायत में गीतेश्वरी ने किया ध्वजारोहण

कुरूद सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

देश की आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस कुरूद सहित पूरे क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और धार्मिक स्थलों पर तिरंगा शान से फहराया गया। राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन किया गया।

नगर पालिका परिषद कुरूद में अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस वर्ष मुख्य समारोह पारंपरिक खेल मैदान के स्थान पर मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दीं।अपने संबोधन में अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव के सहयोग तथा विधायक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन में नगर में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए स्वच्छता, नशामुक्ति, यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण मुक्त कुरूद बनाने में नागरिकों से सहयोग की अपील की। नगर की जामा मस्जिद में सदर अय्यूब खान के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने राष्ट्रध्वज फहराया।

भाजपा एवं कांग्रेस कार्यालय में भी हुआ ध्वजारोहण

क्षेत्र के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में संस्था प्रमुखों तथा शाला प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। कांग्रेस भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महिम शुक्ला ने वरिष्ठ नेताओं एवं भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने वरिष्ठ नेताओं संग तिरंगा फहराकर कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया प्रोत्साहित

समारोह के दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं साइकिल तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके बाद विधायक अजय चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर एवं अन्य अतिथियों ने केनाल रोड स्थित भारत माता चौक के सौंदर्यीकरण कार्य, भारत माता की आदमकद प्रतिमा तथा अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में बॉक्स क्रिकेट सुविधा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षदगण, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

प्रेस क्लब में अध्यक्ष सहित पत्रकारों ने फहराया तिरंगा

जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सतीश जैन, सभापति सिंधु बैस, आनंद यदु, सीईओ अमित सेन, सदस्यगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। एसडीएम कार्यालय में नभसिंह कोसले, तहसील कार्यालय में सूरजसिंह बंछोर, एसडीओपी कार्यालय में रागिनी मिश्रा, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में एसडीओ शुक्ला, कुरूद प्रेस क्लब में अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, बस स्टैंड स्थित ऑटो रिक्शा यूनियन में विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने राष्ट्रध्वज फहराया। इसके बाद भारत माता चौक में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रसेवा, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

पहली बारिश में ही बह गया लाखों का चेकडेम

- निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरदी (बेलोदी) में कृषि विभाग की वाटरशेड परियोजना के तहत निर्माणाधीन चेकडेम पहली ही बरसात में क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि चेकडेम की निर्माण लागत लगभग 40 से 50 लाख रुपये के बीच है।

ग्रामीणों के अनुसार, चेकडेम का निर्माण कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हुआ था कि पहली ही बारिश में पानी के तेज बहाव के चलते इसकी संरचना का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

लाखों रुपये की लागत से तैयार की जा रही इस जल संरक्षण संरचना के पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त होने से निर्माण की गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया होता, तो पहली ही बारिश में इतनी बड़ी क्षति नहीं होती।

जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में

सबसे बड़ा सवाल यह है कि 40 से 50 लाख रुपये की लागत वाले इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी किस स्तर पर की गई। क्या निर्माण में निर्धारित तकनीकी मापदंडों और गुणवत्ता मानकों का पालन किया गया। निर्माण कार्य की देखरेख और निरीक्षण करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच, निर्माण की गुणवत्ता की जांच तथा दोषी जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है।पहली बरसात में ही लाखों रुपये की लागत से निर्माणाधीन जल संरक्षण संरचना का क्षतिग्रस्त होना शासकीय राशि के उपयोग और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ईद मिलादुन्नबी के लिए रंग-बिरंगी रोशनी से सजा सदर बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ईद मिलादुन्नबी को लेकर शहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 26 अगस्त को मनाए जाने वाले पर्व को लेकर चमेली चौक के पास सदर बाजार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

करीब 500 मीटर के दायरे में सड़क पर स्वागत द्वार लगाए गए हैं। वहीं मजार और मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है, जिससे रात में पूरा क्षेत्र आकर्षक नजर आ रहा है। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है।

तिरंगे के अपमान और पार्टी गतिविधियों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप

भाजपा मंडल एवं शक्ति केंद्र प्रभारी ने करेलीबड़ी पुलिस चौकी में लिखित आवेदन कर कार्रवाई की मांग की

मगरलोड। सोशल मीडिया के माध्यम से कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के विरुद्ध अमर्यादित एवं तिरंगे झंडे का अपमान करने संबंधित भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई है। इस संबंध में भाजपा मंडल प्रभारी होरीलाल साहू एवं शक्ति केंद्र प्रभारी राजेश कुमार साहू ने करेलीबड़ी पुलिस चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया के फेसबुक एवं अन्य माध्यम से भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम एवं पार्टी की गतिविधियों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार एक वीडियो को कथित रूप से गलत टिप्पणी के साथ वायरल किया गया, जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। 22 मार्च 2026 को भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम से संबंधित वीडियो को कथित रूप से तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। शिकायतकर्ताओं ने इसे अशोभनीय एवं आपत्तिजनक बताते हुए मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

नागपंचमी से पहले निकली नागदेव की पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- आज होगा कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान

नागपंचमी की पूर्व संध्या पर हटकेशर नागदेव मंदिर से नागदेव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। इस पालकी यात्रा की अगुवाई आंगा देव कर रहे थे। डांग डोली के साथ अन्य देवी देवता भी इस जात्रा में शामिल हुए। रिमझिम फुहारों से श्रद्धालुओं का उमंग और बढ़ गया था।

जैव विविधता और प्रकृति पूजन का पर्व नागपंचमी हटकेशर में धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें पूरे शहरवासी शामिल होते हैं। गांव-गांव से भी लोग आते हैं। इस साल नागपंचमी पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रविवार को नागपंचमी की पूर्व संध्या पर नाग देवता की पालकी जात्रा धूमधाम से निकाली गई।

हटकेशर के नागदेव मंदिर से शाम 4 बजे डांग डोली और आंगा देव की अगुवाई में नागदेव की जात्रा ने शीतलापारा लालबगीचा सुभाषनगर हटकेशर वार्ड का भ्रमण किया। पालकी जात्रा में लोगों की भीड़ उमड़ी पड़ी। नागपंचमी आयोजन समिति के अशोक पटेल, प्रशांत मीनपाल, जगतराम साहू ने बताया कि हटकेशर में प्रदेश का ऐतिहासिक नागदेव मंदिर है। नागपंचमी के अवसर पर यहां पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान किया जाएगा। भोजन भंडारा, प्रसादी वितरण, जसगीत झांकी का भी आयोजन होगा।

सोरिद बस्ती में 1000 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकली

धमतरी। अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर धमतरी नगर के सोरिद बस्ती में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता एवं अखंड भारत के संकल्प को लेकर लगभग 1000 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। विशाल तिरंगे के साथ निकली यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, युवाओं, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। यात्रा का शुभारंभ शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला सोरिदभाट से हुआ। यात्रा गौरा-गौरी चौक जोधापुर, बाबा गुरु घासीदास के जय स्तंभ, अंबेडकर चौक, सोरिद बरपारा एवं साहूपारा से होते हुए पुनः शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला पहुंची, जहां समापन हुआ। इसमें शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला सोरिदभाट, केन एकेडमी धमतरी, शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला जोधापुर, शासकीय हाईस्कूल सोरिद भाट एवं श्री मानस शिशु मंदिर जोधापुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के बाद सनातन उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में मंचीय कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी नगर के सह नगर कार्यवाह रौनित गिरधारी सहारे, सोरिद बस्ती प्रमुख रामकुमार साहू, प्रेम सिन्हा, लेखराज साहू, विशाल सोनवानी, ओंकार, आदित्य, शिवशंकर सहित शकुंतला ध्रुव, ज्ञानेश्वरी, जागेश्वर प्रसाद सेन, बसंत देवांगन, दीपक यादव, ज्ञानेंद्र गुप्ता उपस्थित थे। मंच संचालन मुकुंद यादव ने किया। वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहने, सामाजिक समरसता एवं भाईचारा मजबूत करने तथा अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रसेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।